राजस्थान शिक्षण-अधिगम सामग्री पुस्तिका

खंड 01

सौजन्य

EDINDIA™



सीखने की सामग्री

रचनात्मक शिक्षण

प्रायोगिक अनुभव

बेहतर अधिगम परिणाम

परिचय:
सतत् शिक्षण-पद्धति के माध्यम से कक्षाओं का रूपांतरण

आधुनिक शिक्षा के परिदृश्य में शिक्षक के लिए यह क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वह अमूर्त सिद्धांतों को ठोस एवं अनुभवात्मक अधिगम-अनुभवों में रूपांतरित कर सके, ताकि विद्यार्थी उन्हें सहजता से समझ सकें और उनके माध्यम से सीखने का अनुभव प्राप्त कर सकें। विशेष रूप से ऐसी कक्षाओं में, जहाँ संसाधन सीमित हो सकते हैं, इस चुनौती का एक प्रभावी एवं नवाचारी समाधान कम लागत वाली, अधिक प्रभावकारी शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) का निर्माण है।

हमें राजस्थान TLM प्रतियोगिता पुस्तिका के खंड 1 को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व है। इसमें राज्य स्तरीय "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" TLM प्रतियोगिता की उपलब्धियों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। यह प्रकाशन राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (RSCERT), उदयपुर और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के सहयोग का प्रमाण है। दोनों संस्थाओं ने मिलकर पूरे राजस्थान में शिक्षक शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

इस वर्ष इस पहल के अंतर्गत राज्य के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (DIETs) तथा निजी शिक्षक शिक्षा संस्थानों (TEIs) में B.Ed. एवं D.El.Ed. पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षु शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। भावी शिक्षकों को उनके व्यावसायिक जीवन के प्रारंभिक चरण में इस पहल से जोड़ते हुए, प्रतियोगिता के माध्यम से उनके प्रारंभिक प्रशिक्षण में पर्यावरणीय स्थिरता, कक्षा-उपयोगिता और

उपलब्धि का उत्सव:
राज्य स्तरीय अंतिम चरण

संबंधित संस्थानों में आयोजित संस्थागत/DIET-स्तरीय चरणों के बाद, प्रथम चरण के विजेताओं ने राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। RSCERT, उदयपुर में आयोजित राज्य-स्तरीय TLM प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने अपने-अपने संस्थानों का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपनी शिक्षण-अधिगम सामग्री प्रस्तुत की तथा तीन मिनट के लघु शिक्षण सत्र में कक्षा में उसके प्रयोग का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भी खुली रखी गई, जिससे उन्हें इन सामग्रियों तथा कक्षा में उनके प्रयोग को देखने का अवसर मिला।

आयोजन के बाद भी पहल का सतत् प्रभाव

इस पहल का प्रभाव आयोजन के समापन के बाद भी बना रहेगा। राज्य-स्तर के 22 चयनित प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई सभी TLM को RSCERT, उदयपुर में संग्रहित किया गया है, जहाँ वे एक सक्रिय अधिगम केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। यहाँ आने वाले शिक्षक, विद्यार्थी और संकाय सदस्य इन्हें देख सकते हैं, इनका अवलोकन कर सकते हैं और इनसे प्रेरणा ले सकते हैं। साथ ही, जो शिक्षक व्यक्तिगत रूप से यहाँ नहीं आ सकते, उन तक भी इन रचनात्मक मॉडलों का लाभ पहुँचाने के लिए यह पुस्तिका RSCERT और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से प्रकाशित की गई है। इस प्रकार, कम लागत वाली और अधिक प्रभावकारी ये शिक्षण-सहायक सामग्रियाँ पूरे क्षेत्र में कहीं अधिक व्यापक शिक्षक-समुदाय तक पहुँच सकेंगी।

भविष्य के लिए एक परिकल्पना

प्रशिक्षु शिक्षकों, DIET के संकाय सदस्यों और राज्य प्रशासन द्वारा प्रदर्शित उत्साह यह दर्शाता है कि शिक्षक को शिक्षा में नवाचार के प्रति गहरी रुचि है। यह संकलन एक सतत यात्रा का प्रथम चरण है। वार्षिक शृंखला के खंड 1 के रूप में यह दस्तावेज़ एक संदर्भ-मार्गदर्शिका, शिक्षण-पद्धति संबंधी प्रेरणा का स्रोत और रचनात्मकता का उत्सव है। आने वाले वर्षों में इसके आगामी खंड राजस्थान में सतत शिक्षा के बदलते स्वरूप को निरंतर अभिलिखित करते रहेंगे और ऐसी कक्षाओं की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे, जो अधिक संवादात्मक, पर्यावरण के प्रति जागरूक तथा आनंदपूर्ण सहभागिता से परिपूर्ण हों।

TLM प्रतियोगिता की संकल्पना: अनुपयोगी वस्तुओं से संसाधन निर्माण

इस प्रतियोगिता के केंद्र में "पुनः उपयोग, नवीन रूप में उपयोग और कम उपयोग" (Reuse, Repurpose, Reduce) के सिद्धांत पर आधारित है। प्रशिक्षु शिक्षकों को ऐसे शिक्षण सहायक साधन बनाने की चुनौती दी गई, जिनमें प्रयुक्त कुल सामग्री का कम से कम 70 प्रतिशत भाग अनुपयोगी सामग्री से प्राप्त किया गया हो जैसे पुराने समाचार-पत्र, गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक के पात्र और पुराने कपड़े।

दिशा-निर्देशों के अनुसार थर्मोकोल (पॉलीस्टाइरीन) जैसी हानिकारक अथवा महँगी सामग्री तथा पूर्व-निर्मित शिक्षण-सहायक सामग्री के उपयोग पर प्रतिबंध था, ताकि प्रत्येक प्रवेष्टि सुरक्षित, टिकाऊ, सरलता से लाने-ले जाने योग्य और पुनर्निर्माण योग्य बनी रहे।

ये मॉडल केवल हस्तनिर्मित वस्तुएँ नहीं हैं; इन्हें विभिन्न विषयों और कक्षा-स्तरों के निर्धारित अधिगम-परिणामों के अनुरूप सुविचारित ढंग से तैयार किया गया है। प्रत्येक TLM कक्षा में संवादात्मक एवं अनुभवात्मक शिक्षण-प्रक्रिया का एक सक्रिय साधन है।

आभार

यह पुस्तिका और राज्य-स्तरीय TLM प्रतियोगिता का सफल समापन सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस पहल को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाने वाले सभी दूरदर्शी नेतृत्वकर्ताओं, प्रशासनिक सहयोगियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

हम श्री राजेश कुमार यादव, IAS, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग तथा भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार के प्रति उनके अमूल्य मार्गदर्शन और संस्थागत संरक्षण के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं, जिसने इस राज्यव्यापी पहल को आधार प्रदान किया।

राज्य परियोजना निदेशक (SPD), समग्र शिक्षा, डॉ. रश्मि शर्मा के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता है, जिनके दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन ने पूरे राजस्थान में शैक्षिक गुणवत्ता के संवर्धन को गति दी।

हम निदेशक, RSCERT, उदयपुर, श्रीमती श्वेता फगेडिया के उत्कृष्ट नेतृत्व के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिनके मार्गदर्शन और रणनीतिक दिशा-निर्देश ने इस परियोजना को शानदार सफलता की ओर अग्रसर किया।

उप निदेशक, RSCERT, उदयपुर, श्रीमती गायत्री स्वर्णकार के प्रति हम विशेष रूप से ऋणी हैं, उनके अथक प्रयास, प्रशासनिक दक्षता और समर्पण से यह राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

हम विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हैं

सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (DIETs) तथा उनके संकाय सदस्यों के प्रति, जिन्होंने प्रत्येक चरण में प्रशिक्षु शिक्षकों को अभिमुखित एवं मार्गदर्शित करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाया।

विशिष्ट मूल्यांकनकर्ताओं एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों के प्रति, जिन्होंने अपना समय और विषयगत विशेषज्ञता देकर सभी प्रविष्टियों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया और निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ तथा पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित की।

अंततः, यह पहल निम्नलिखित के सहयोग के बिना संभव नहीं हो पाती-

अभिभावक: विशेषकर दूरदराज़ और ग्रामीण क्षेत्रों से आए अभिभावक जिन्होंने अपने बच्चों की क्षमता में विश्वास रखा, उनके रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित किया और उदयपुर में आयोजित राज्य-स्तरीय आयोजन में उनके साथ आए।

प्रशिक्षु शिक्षक (विद्यार्थि): जिनकी असाधारण रचनात्मकता, शिक्षण-पद्धति की स्पष्ट समझ और उत्साह ने साधारण अनुपयोगी सामग्री को प्रभावी अधिगम-साधनों में रूपांतरित कर दिया। आप हमारी कक्षाओं का भविष्य हैं और आपका उत्साह ही इस पुस्तिका की वास्तविक प्रेरणा है।


TLM
Sun Flower
Cup Cake
Rain bow
Butter Fly
Star Fish
Egg Plant
Ear Ring
Hand Bag
Foot Ball
Tooth Brush
Light House
आओ करें संवाद
TYME CLOCK

RSCERT निदेशक का संदेश

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) विद्यालयी कक्षाओं में प्रभावी शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह अधिगम को संवादात्मक, रोचक और सहज बनाती हैं तथा व्यवहार से जोड़ने, शिक्षकों द्वारा सिद्धांत को कक्षा में व्यवहारिक प्रयोग करने में सहायता करती हैं।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् NCTE द्वारा निर्धारित तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप B.Ed. एवं D.El.Ed. पाठ्यक्रम अनुभवात्मक, गतिविधि-आधारित और दक्षता-उन्मुख अधिगम पर बल देते हैं। इस संदर्भ में D.El.Ed.विद्यालयों के लिए आयोजित TLM निर्माण प्रतियोगिता अत्यंत प्रासंगिक है। यह प्रशिक्षु शिक्षकों से पुनः उपयोग योग्य तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से कम लागत वाली TLM तैयार करने के लिए प्रेरित करके नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को प्रोत्साहित करती है।

इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को यह समझने में सहायता मिली कि दैनिक जीवन से जुड़ी तथा संदर्भ-विशेष की सामग्री से भी सार्थक अधिगम-संसाधन विकसित किए जा सकते हैं। यह प्रतियोगिता सतत एवं समावेशी शिक्षा के सिद्धांतों को भी सुदृढ़ करती है तथा गतिविधि-आधारित अधिगम, अनुभवात्मक शिक्षण-पद्धति और दक्षता-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहलों के अनुरूप है।

इस प्रतियोगिता के आयोजन में स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के सहयोग की मैं सराहना करती हूँ। उनके सहयोग से D.El.Ed. एवं B.Ed. विद्यार्थियों के व्यावहारिक अधिगम-अनुभव समृद्ध हुए हैं। यह विद्यार्थियों के लिए एक मूल्यवान अनुभव रहा है और इसने उनकी शिक्षण-यात्रा के लिए आत्मविश्वासपूर्ण सुदृढ़ आधार तैयार किया है।

मैं भविष्य में भी ऐसी और सहयोगात्मक पहलों की आशा करती हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

श्वेता फगेडिया
निदेशक,
रा.रा.शै.अ.प्र.प., उदयपुर


SUN
Earth
Moon

RSCERT उप निदेशक का संदेश

सृजनात्मकता, उल्लास और नवाचार का उत्सव

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी), उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रतियोगिता में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और प्रेरणा का अनुभव रहा। संपूर्ण राजस्थान से आए 22 भावी शिक्षकों (छात्र-अध्यापकों) द्वारा स्वनिर्मित शिक्षण-अधिगम सामग्री का प्रदर्शन देखना हमारे संस्थान के लिए भी बेहद उत्साहवर्धक रहा। इन भावी शिक्षकों द्वारा प्रदर्शित नवाचार की भावना, शिक्षण संबंधी स्पष्ट समझ और सीखने-सिखाने के प्रति उत्साह वास्तव में प्रशंसनीय था।

मैं इन सभी भावी शिक्षकों को उनके अथक परिश्रम और असाधारण सृजनात्मकता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देती हूँ। दैनिक जीवन में उपलब्ध अनुपयोगी वस्तुओं को प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री में बदलना न केवल संसाधनों के रचनात्मक उपयोग की उनकी क्षमता, बल्कि अध्यापन के प्रति उनके सच्चे समर्पण को भी दर्शाता है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने में निरंतर सहयोग और उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए मैं स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भावी शिक्षकों द्वारा प्रदर्शित उत्साह, सृजनात्मकता और नवाचार की भावना आने वाले वर्षों में भी उनके शिक्षण कार्य के माध्यम से राज्य के विद्यालयों में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को संवादात्मक, आनंददायक और अर्थपूर्ण बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्रीमती गायत्री स्वर्णकार
उप निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी), उदयपुर



सोनाक्षी अग्रवाल

मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन

स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन में हमारा विश्वास है कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की शुरुआत उन लोगों को सशक्त करने से होती है, जो इसे संचालित करते हैं। इसी कारण RSCERT, उदयपुर के साथ हमारी साझेदारी शिक्षक-तैयारी को सुदृढ़ करने और शिक्षकों को कक्षा-शिक्षण के व्यावहारिक एवं प्रभावी तरीके अपनाने में सक्षम बनाने पर केंद्रित है।

यह प्रतियोगिता हमारे इसी कार्य का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

यह पहल राजस्थान में शिक्षक शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा DIETs एवं शिक्षक-प्रशिक्षकों की क्षमता-निर्माण हेतु किए जा रहे व्यापक कार्य का भी हिस्सा है। शिक्षकों के लिए ऐसे अवसर उपलब्ध कराना, जहाँ वे प्रयोग कर सकें, अपने कार्यों/प्रयोगों को प्रदर्शित कर सकें और एक-दूसरे से सीख सकें, सुदृढ़ व्यावसायिक अभ्यास के निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है।

हमारा सहयोग इसी उद्देश्य पर आधारित है: शिक्षक शिक्षा में ऐसे व्यावहारिक सुधारों को समर्थन देना, जिन्हें सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के भीतर दीर्घकाल तक बनाए रखा जा सके। मुझे आशा है कि इस प्रतियोगिता जैसी पहलों से उभरने वाले विचार और अभ्यास आगे भी कक्षा-शिक्षण को बेहतर बनाने तथा बच्चों के अधिगम प्रतिफलों में सुधार लाने में योगदान देते रहेंगे।



डॉ एंटनी नेलिसेरी
CEO,
स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन

राजस्थान TLM प्रतियोगिता पुस्तिका का खंड -1 प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह प्रकाशन एक अनूठे प्रयास का उत्सव है, जिसमें पहली बार सरकारी DIETs और निजी शिक्षक शिक्षा संस्थानों को एक ही प्रतिस्पर्धी मंच पर साथ लाया गया है।

इस पैमाने की पहल शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर पर मजबूत टीम भावना और साझा प्रतिबद्धता से ही संभव हो पाती है।

मैं श्री राजेश कुमार यादव और डॉ. रश्मि शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। श्रीमती श्वेता फगेडिया और श्रीमती गायत्री स्वर्णकार के प्रति मेरा विशेष धन्यवाद, जिनके प्रशासनिक नेतृत्व ने इस महत्वाकांक्षी आयोजन को साकार किया।

यह उपलब्धि उतनी ही उन DIET के प्राचार्यों और संकाय-मार्गदर्शकों की भी है, जिन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया; उन निर्णायक मंडल के सदस्यों की भी, जिन्होंने प्रविष्टियों का कठोरता से मूल्यांकन किया; और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन की उस टीम की भी, जिसने जमीनी स्तर पर समर्पित क्रियान्वयन किया।

हम उन अभिभावकों के भी हृदय से आभारी हैं, जो अपने बच्चों के साथ उदयपुर में आयोजित अंतिम चरण के आयोजन में आए और इसे वास्तव में एक सामुदायिक उपलब्धि का महत्वपूर्ण अवसर बना दिया।

अंत में, मैं अपने प्रशिक्षु शिक्षकों को बधाई देता हूँ। दैनिक उपयोग की सामग्रियों को सशक्त अधिगम साधनों में बदलने की आपकी रचनात्मकता यह दर्शाती है कि संसाधनों की सीमित उपलब्धता गुणवत्तापूर्ण शिक्षण में बाधा नहीं बननी चाहिए। इस प्रथम प्रयास को इतनी उल्लेखनीय सफलता सुनिश्चित करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।


जय हिंद।

शिक्षण-अधिगम सामग्री श्रृंखला





Here
Something
for
You




TIME CLOCK




हमारे आसपास की वस्तुएँ
अस्पताल
घर(HOUSE)





1.

पवन ऊर्जा मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
रामदेव बलाई

संस्थान का नाम:
DIET, शाहपुरा (भील)

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** पर्यावरण अध्ययन
- **कक्षा:** 5
- **अध्याय:** वस्तुएँ कैसे कार्य करती हैं
- **पुस्तक का नाम:** पर्यावरण अध्ययन
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या



पवन ऊर्जा मॉडल

मॉडल की लागत ₹40

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- पवन ऊर्जा का अर्थ समझ सकेंगे।
- पवन चक्की के कार्य करने की प्रक्रिया बता सकेंगे।
- दृश्य से बिजली बनाने की प्रक्रिया समझ सकेंगे।

2.

हमारे आस-पास की वस्तुएँ



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
कृष्णा प्रजापत
संस्थान का नाम:
DIET, करौली

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** पर्यावरण
- **कक्षा:** 3
- **अध्याय:** हमारे आस-पास की वस्तुएँ
- **पुस्तक का नाम:** आस-पास
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या



हमारे आस-पास की वस्तुएँ

मॉडल की लागत ₹50

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी अपने आस-पास की वस्तुओं में भेद कर सकेंगे।
- प्राकृतिक व मानव निर्मित वस्तुओं में अंतर कर सकेंगे।
- वस्तुओं को सही वर्ग में रख सकेंगे।



3.

हमारे आस- पास का क्षेत्र

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
जोगाराम

संस्थान का नाम:
DIET, बारां

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** पर्यावरण
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** हमारे आस-पास का क्षेत्र / वस्तुएँ
- **पुस्तक का नाम:** NCERT
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, प्रारम्भ



हमारे आस-पास का क्षेत्र / वस्तुएँ

मॉडल की लागत ₹130

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- मॉडल के माध्यम से बच्चे अपने क्षेत्र को जान पाएँगे।
- बच्चों को पुरानी जीवन-शैली का ज्ञान होगा।
- बच्चे इस ज्ञान का उपयोग आगे की शिक्षा में करेंगे।

4.

घड़ी



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
लक्ष्मी मीणा

संस्थान का नाम:
संजय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,जयपुर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 3
- **अध्याय:** घड़ी
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति, मूल्यांकन




घड़ी

मॉडल की लागत ₹40

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी घड़ी देखकर समय बता सकेंगे।
- विद्यार्थी बता सकेंगे कि एक घंटे में कितने मिनट और एक मिनट में कितने सेकंड होते हैं।



5.


कोण के प्रकार

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
रविन्द्र कुमार मीना

संस्थान का नाम:
DIET, हनुमानगढ़

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 5
- **अध्याय:** कोण के प्रकार
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



कोण के प्रकार

मॉडल की लागत ₹7

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी चित्रों के माध्यम से कोणों को समझ सकेंगे।
- विद्यार्थी चित्रों एवं आकृतियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कोणों की पहचान कर सकेंगे।

6.

Fun with 3D shapes



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
तनू खाण्डल

संस्थान का नाम:
DIET, नाथद्वारा

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** Shapes Around us
- **पुस्तक का नाम:** Maths-Mela
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, मूल्यांकन



Fun with 3-D shapes


मॉडल की लागत ₹40

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- इस टीएलएम के माध्यम से बच्चे घन, सिलेंडर, कोण और घनाभ को आसानी से पहचान सकेंगे।
- विद्यार्थी रोज़मर्रा की वस्तुओं में इन आकृतियों को पहचान और समझ सकेंगे।
- विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से सीख सकेंगे, जिससे वे अवधारणाओं को सहजता से समझ सकेंगे।

7.




गणित - पहाड़े

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
पलक धायल

संस्थान का नाम:
DIET, चूरू

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 2
- **अध्याय:** गणित - पहाड़े
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** अभ्यास, पुनरावृत्ति



गणित - पहाड़े

मॉडल की लागत ₹60

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी गुणा के पहाड़े समझकर सही उच्चारण एवं लेखन कर पाएँगे।
- गणित में गुणा क्रिया का उपयोग कर पाएंगे।
- विद्यार्थी पहाड़े और अच्छी तरह याद कर सकेंगे।

8.

आओ वर्ग सीखें



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
प्रमोद सुथार

संस्थान का नाम:
DIET, जैसलमेर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 8
- **अध्याय:** वर्ग और वर्गमूल
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



वर्ग और वर्गमूल मॉडल

मॉडल की लागत ₹540

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी कठिन अवधारणाओं की अपने शब्दों में व्याख्या कर सकेंगे।
- विद्यार्थी सीखने में रुचि लेकर तार्किक प्रश्न पूछने में सक्षम होंगे।
- विद्यार्थी टीएलएम से सीखे सिद्धांतों का वास्तविक जीवन में प्रयोग कर पाएँगे।



9.


घड़ी / समय का ज्ञान

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
पुरण मल बैरवा

संस्थान का नाम:
DIET, डूंगरपुर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** मैं रुकता नहीं
- **पुस्तक का नाम:** इकतारा भाग-2 / गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** अभ्यास



घड़ी / समय का ज्ञान

मॉडल की लागत ₹50

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- इस टीएलएम से बालक गतिविधियों के द्वारा समय देख सकते हैं।
- वे घड़ी में दिए गए समय को लिख और समझ पाएंगे।
- वे घंटे और मिनट के बीच का अंतर पहचान सकेंगे।

10. टिक टिक करती घड़ियाँ बदलता कैलेंडर



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
अजय सिंह राजपूत

संस्थान का नाम:
DIET, सवाई माधोपुर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:**टिक टिक करती घड़ियाँ बदलता कैलेंडर
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** अभ्यास एवं व्याख्या



घड़ियाँ बदलता कैलेंडर

मॉडल की लागत ₹5

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- समय को बताने में सक्षम होंगे।
- सप्ताहों की जानकारी प्राप्त करेंगे।
- मौसम/ऋतु में होने वाले बदलाव को महीनों के अनुसार समझ सकेंगे।

11.

2D से 3D




प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
हिना चारण

संस्थान का नाम:
DIET, कुचामन (नागौर)

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 5
- **अध्याय:** ज्यामिति
- **पुस्तक का नाम:** गणित का जादू
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या



2D से 3D

मॉडल की लागत ₹29

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- बच्चे यह समझ सकेंगे कि एक सपाट कागज़ मोड़ने पर एक ठोस वस्तु में कैसे परिवर्तित हो जाता है।
- वे जाल और आकृति को पहचान सकेंगे।
- इससे बच्चों की कल्पना और तार्किक क्षमता बढ़ेगी।

12.

समय दिखाती घड़ी



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
डिम्पल टेलर

संस्थान का नाम:
DIET, मसूदा

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** टिक-टिक करती घड़ियाँ
- **पुस्तक का नाम:** गणित मेला
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



समय दिखाती घड़ी मॉडल

मॉडल की लागत ₹97


अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी घड़ी की लंबी और छोटी सुई की पहचान कर सकेंगे तथा समय की गणना कर सकेंगे।
- विद्यार्थी डिजिटल एवं एनालॉग घड़ी से समय बता सकेंगे।
- दैनिक कार्यों में लगने वाले समय का अनुमान लगा पायेंगे।

13.

कैलेण्डर



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
भक्ति शर्मा

संस्थान का नाम:
DIET, बसवा

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** कैलेण्डर
- **पुस्तक का नाम:** गणित (कक्षा - 4)
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



कैलेण्डर

मॉडल की लागत ₹37

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- गणित के दैनिक जीवन में उपयोग को समझ सकेंगे।
- अंकों, सप्ताह के दिनों और महीनों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
- सप्ताह के दिनों को क्रमवार समझ सकेंगे।

14.

गणित का जादुई बोर्ड



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
दीपिका कुँवर

संस्थान का नाम:
DIET, उदयपुर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** गणित (कक्षा-4)
- **पुस्तक का नाम:** गणित
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



गणित का जादुई बोर्ड

मॉडल की लागत ₹45

अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- संख्याओं को पहचान पायेंगे।
- विद्यार्थी जोड़ने और घटाने की अवधारणा समझ सकेंगे।

15.

द्रिष्टी कैमरा



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
सौपाल सिंह

संस्थान का नाम:
DIET, सीकर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** अंग्रेजी
- **कक्षा:** प्राथमिक कक्षाएँ
- **अध्याय:** वर्णमाला ज्ञान, जानवरों के चित्र, शब्दावली विकास
- **पुस्तक का नाम:** पर्यावरण अध्ययन
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास



द्रिष्टी कैमरा मॉडल

मॉडल की लागत ₹40

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थियों को चित्रों के माध्यम से अंग्रेजी वर्णमाला की पहचान करने में मदद मिलेगी।
- खेल-खेल में बच्चों की अवलोकन क्षमता और शब्द भण्डार को बढ़ाना।
- यह TLM करके सीखने (Learning by Doing) पर आधारित है।

16. परिवहन के विभिन्न प्रकार और यातायात नियम



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
पूजा
संस्थान का नाम:
DIET, जोधपुर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** अंग्रेजी
- **कक्षा:** 3
- **अध्याय:** ट्रैफ़िक लाइट
- **पुस्तक का नाम:** आओ सीखें (भाग-1)
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



परिवहन के विभिन्न प्रकार

मॉडल की लागत ₹35

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के परिवहन साधनों (स्थल, जल, वायु) की पहचान कर सकेंगे।
- विद्यार्थी ट्रैफिक सिग्नल और मुख्य यातायात नियमों को समझकर उनका पालन करने के प्रति जागरूक होंगे।
- विद्यार्थी समझ सकेंगे कि परिवहन सड़कों के अलावा जल, वायु, एवं पटरियों के माध्यम से भी होता है।

17.

संयुक्त शब्द



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
डिम्पल

संस्थान का नाम:
DIET, आबूपर्वत (सिरोही)

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** अंग्रेजी
- **कक्षा:** 3
- **अध्याय:** नाइट (Night)
- **पुस्तक का नाम:** संतूर (Santoor)
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या



संयुक्त शब्द

मॉडल की लागत ₹40

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- दो छोटे शब्दों को जोड़कर एक नया अर्थपूर्ण शब्द बनाना सिखाना जिससे बच्चे जटिल शब्दों को आसानी से पहचान व समझ सकते हैं।
- छात्र बड़े शब्द को टुकड़ों के माध्यम से याद कर सकता है।
- छात्र लंबे व कठिन शब्द को सरलता से पढ़ सकेंगे।

18.

मात्रा व वर्णों से शब्द बनाना



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
संजय कुमार मीणा

संस्थान का नाम:
DIET, झालावाड़

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** हिन्दी
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** कैमरा
- **पुस्तक का नाम:** वीणा
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** अभ्यास



मात्रा व वर्णों से शब्द बनाना

मॉडल की लागत ₹110

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- इससे बच्चा मात्रा पहचानेगा।
- इससे बच्चा वर्ण पहचानेगा।
- बच्चा मात्रा व वर्ण से शब्द बनाना सीखेगा।



19.


समय (दैनिक जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पहलू)

प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
निहारिका शर्मा

संस्थान का नाम:
DIET, कोटा

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** गणित
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** टिक-टिक करती घड़ियाँ
- **पुस्तक का नाम:** गणित का जादू
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** प्रारम्भ, व्याख्या, पुनरावृत्ति



समय

मॉडल की लागत ₹40

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- घड़ी में समय देख पाने में सक्षम होंगे।
- समय के अनुसार अपने कार्य करने में सक्षम होंगे।
- अभ्यास प्रश्न हल करने में सक्षम होंगे।

20.

वर्णमाला चक्र, जादुई पिटारा



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
बेबी प्रजापत

संस्थान का नाम:
DIET, बांसवाड़ा

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** हिन्दी
- **कक्षा:** 1-5
- **अध्याय:** भाषाई कौशल
- **पुस्तक का नाम:** आओ हिन्दी सीखें
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास, पुनरावृत्ति



वर्णमाला चक्र

मॉडल की लागत ₹90

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- इस टीएलएम से बच्चे वर्णमाला को पहचानना सीखेंगे।
- समान विषय से जुड़े शब्दों को समूह में व्यवस्थित कर सकेंगे।
- नए सीखे गए शब्दों का प्रयोग करते हुए छोटे वाक्य बना सकेंगे।

21.

कैमरा



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
शिमला

संस्थान का नाम:
DIET, बीकानेर

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** हिन्दी
- **कक्षा:** 4
- **अध्याय:** वस्तुएँ कैसे कार्य करती हैं
- **पुस्तक का नाम:** वीणा
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या, अभ्यास



कैमरा

मॉडल की लागत ₹135

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)

इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- विद्यार्थी DSLR कैमरे की कार्यप्रणाली और उसके विभिन्न भागों को समझ सकेंगे।
- विद्यार्थी समझ सकेंगे कि लेंस के माध्यम से प्रतिबिंब कैसे बनता है।
- विद्यार्थी फोटोग्राफी के पीछे के विज्ञान को सरल रूप में समझ सकेंगे।

22.

कचरे से ब्रह्मांड



प्रशिक्षु शिक्षक (PST) का नामः
भीका राम

संस्थान का नाम:
DIET, बगड़ी नगर (पाली)

शैक्षिक संरेखण

- **विषय:** विज्ञान / भूगोल
- **कक्षा:** 8
- **अध्याय:** आकाशीय पिंड और खगोलीय घटनाएँ
- **पुस्तक का नाम:** विज्ञान
- **पाठ के किस चरण में उपयोगी होगा:** व्याख्या और अभ्यास



आकाशीय पिंड और खगोलीय घटनाएँ

मॉडल की लागत ₹20

अधिगम उद्देश्य (Learning Outcomes)


इस टीएलएम के उपयोग के बाद विद्यार्थी सक्षम होंगे:

- पृथ्वी के घूर्णन के कारण दिन और रात होने की प्रक्रिया को समझने में।
- सूर्य ग्रहण और चंद्रग्रहण की स्थिति को वैज्ञानिक रूप से समझने में।
- चंद्रमा की कलाओं के बदलने के कारणों का विश्लेषण करने में।

प्रतियोगिता के प्रमुख क्षण



अतिथि संकाय सदस्य का PSTs के साथ संवाद



EdIndia टीम का PSTs के साथ संवाद



निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा PSTs की प्रस्तुति का मूल्यांकन



निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा PSTs की प्रस्तुति का मूल्यांकन



संकाय सदस्य का PSTs के साथ संवाद



PSTs (प्रशिक्षु शिक्षक)



विजेता – डिंपल – DIET, सिरोही



विजेता – दीपिका कंवर – DIET, उदयपुर



विजेता – बेबी प्रजापति – DIET, बांसवाड़ा

EDINDIA™

Office No. 502, 5th Floor, C Wing, Damji Shamji Corporate Square, Pant Nagar Colony,
Ghatkopar (East), Mumbai – 400 075